आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.07.2026/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

नड्डा

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली मे कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। नड्डा ने बताया कि बैठक के दौरान परीक्षा प्रणाली में सुधार संबंधी पार्टी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना गया। उन्होंने बताया कि कॉक्रोच जनता पार्टी ने तीन मुख्य मांगें रखीं और परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक पर रोक लगाने के लिए कुछ सुधारों का सुझाव भी दिया। जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार कल प्रतिनिधिमंडल के साथ एक और दौर की चर्चा करेगी।

इस बीच, प्रतिनिधिमंडल में शामिल कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने दावा किया कि सरकार ने सैद्धांतिक रूप से उनकी दो मांगों पर सहमति दे दी है।

दुर्घटना

लाहौल–स्पिति ज़िला में उदयपुर–किलाड़ सड़क मार्ग पर कड़ुनाला के समीप पहाड़ी से अचानक गिरी चट्टान की चपेट में आने से एक वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और इसमें सवार 13 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। इस घटना में वाहन चालक बीर सिंह घायल हुआ है। ये वाहन कुल्लू से पांगी जा रहा था।

शोक

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने उपायुक्त लाहौल–स्पीति को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता और घायलों को बेहतरीन इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए।

नशामुक्त कार्यक्रम

नशामुक्त समाज और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से सिरमौर ज़िला मुख्यालय नाहन में ज़िला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वच्छ जीवन अपनाने का संदेश दिया। युवा मामले व खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ज़िले के सभी शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, वाद–विवाद और नुक्कड़–नाटक जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## पदयात्रा

हिमाचल प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की न्यू कॉम्प्लेक्स सिस्टम के विरोध में निकाली जा रही पदयात्रा 11 जुलाई को कांगड़ा ज़िला के बनखंडी से शुरू हुई जो 26 जुलाई को शिमला में समाप्त होगी। संघ के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने कहा कि न्यू कॉम्प्लेक्स सिस्टम हिमाचल के शिक्षा ढांचे को खराब करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं और जेबीटी शिक्षकों की लंबित पदोन्नति भी जल्द की जानी चाहिए। रमेश शर्मा ने कहा कि इन मांगों को लेकर 26 जुलाई को शिमला में प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से विशाल रैली और धरना–प्रदर्शन किया जाएगा।

## केवाईसी

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा है कि सामाजिक सुरक्षा पैंशनरों को एक माह के भीतर अपना ई–केवाईसी सत्यापन करवाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ई–केवाईसी की अंतिम तिथि इस वर्ष 28 फरवरी निर्धारित की गई थी, लेकिन विभाग ने अंतिम अवसर के तहत पैंशन लाभार्थियों को एक माह का और समय दिया है। प्रवक्ता ने बताया कि पैंशन लाभार्थी अपना ई–केवाईसी संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय में करवा सकते हैं।